Title: Regarding demand for creation of new states of Vidarbha, Telangana, Harit Pradesh, Dadra Nagar Haweli and Dieu and Daman.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र में विदर्भ राज्य की मांग कई सालों से की जा रही है। डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने भी छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण का समर्थन किया था। इसलिए भारत सरकार से हमारी मांग है कि महाराष्ट्र में विदर्भ राज्य, आंध्र प्रदेश में तेलंगाना राज्य, उत्तर प्रदेश में हरित राज्य और दमन-दीव और दादरा-नागर हवेली के नये राज्य बनाएं जाएं। हमारी सरकार को इन चार नये राज्यों का निर्माण करना चाहिए। श्री प्रणव मुखर्जी संबंधित कमेटी के प्रमुख हैं। श्रीमती सोनिया गांधी जी, डॉ. मनमोहन सिंह जी और प्रणव मुखर्जी जी से मैं यह अपील करता हूं कि महाराष्ट्र की जनता का, तेलंगाना की जनता का, यूपी की जनता का और दादरा-नागर हवेली की जनता का आपको सम्मान करते हुए इन चार नये राज्यों का निर्माण करना चाहिए। चूंकि एनडीए की सरकार ने भी नये राज्य बनाए थे, इसलिए हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, विदर्भ और अन्य राज्यों का गठन करें।â€¦ (व्यवधान)

SHRI MOHAN S. DELKAR (DADRA AND NAGAR HAVELI): Sir, I associate myself with what Shri Ramdas Athawale has mentioned just now....(*Interruptions*)